ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / वि0सेमे0परी0 / 2022–23 / 11576 **लखनऊः दिनांकः** 19-01-2023

विषयः नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / अनु0–6 / 2023 / 11412 लखनऊ दिनांक 11 जनवरी, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2022–23 हेतु नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का नामांकन की प्रकिया परिषद द्वारा आयोजित आगामी विषम सेमेस्टर परीक्षा जनवरी, 2023 में सम्मिलित हो रहे छात्र / छात्राओं के परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया पूर्ण होने तक बन्द की गई थी।

उपरोक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा अन्तिम रूप से उपलब्ध कराये गये डाटा के अनुसार नामांकन की प्रकिया पूर्व की भांति परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन हेतु दिनांक 19–01–2023 के शायः से दिनांक 24–01–2023 तक मध्य रात्रि 12:00 बजे तक खुली रहेगी। अन्तिम रूप से नामांकन प्रकिया दिनांक 24–01–2023 तक ही रहेगी।

आपको निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि तक नव प्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्थान का होगा।

भवदीय,

(अनूप कुमार पटेल)
संयुक्त सचिव
कृते सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु0–6 / वि0सेमे0परी0 / 2022–23 / 11577-79 **तद्दिनांकः** 19-01-2023

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं को अपने स्तर से उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अनूप कुमार पटेल)
संयुक्त सचिव
कृते सचिव।